# मुख्यमंत्री ने भूपेश बघेल राज्य कृषि विपणन बोर्ड के नवीन कार्यालय भवन का किया लोकार्पण

- सरदार वल्लभ भाई पटेल के नाम से होगा नया मंडी बोर्ड भवन
- 40 करोड़ रूपए की लागत से बने भवन में बीज निगम का कार्यालय भी होगा संचालित



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नवा रायपुर में छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड के नवीन कार्यालय भवन का लोकार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने इस भवन का नामकरण सरदार वल्लभ भाई पटेल के नाम पर करने की घोषणा की। नवा रायपुर के सेक्टर 24 में 40 करोड़ रूपए की लागत से तैयार किए गए इस भवन में बीज निगम का कार्यालय भी संचालित होगा। लगभग 1 लाख 58 हजार वर्गफीट में बनाए गए इस भवन से कृषि संबंधी विभिन्न गतिविधियों संचालित होंगी जिसका लाभ किसानों को मिलेगा।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि किसानों की सुविधा के लिए राज्य में मंडी का विस्तार किया जा रहा है। राज्य में लगभग 1.25 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की जानी है। इसको देखते हुए धान संग्रहण केन्द्रों को भी मंडी के रूप में विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में मिलेट्स की खेती को भी लगातार प्रोत्साहन दिया जा रहा है तथा समर्थन मूल्य पर इसकी खरीदी की जा रही है। राज्य में किसान हितैषी नीतियों के फलस्वरूप बस्तर अंचल में खेती-किसानी के प्रति रूझान बढ़ा है। पहले बस्तर में सब्जी का उत्पादन नहीं के बराबर हो रहा था अब बस्तर में सब्जी उत्पादन का क्षेत्र बढ़ा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का निरंतर प्रयास रहा है कि किसानों को उनके उपज का सही दाम मिले। वर्तमान में केंद्र सरकार द्वारा केन्द्रीय पूल के लिए चावल खरीदी में की गई कटौती किसानों के प्रति अन्याय है। अब बायोमेट्रिक पद्धति से धान खरीदी का नियम केन्द्र सरकार द्वारा लागू किया जा रहा है। यह किसानों को परेशान करने का नया तरीका है।

इस अवसर पर स्कूल शिक्षा एवं सहकारिता मंत्री रविन्द्र चौबे ने कहा की राज्य में सरकार बनने के साथ ही कृषि के क्षेत्र में लगातार क्रांतिकारी परिवर्तन हो रहा है। राज्य के सरकार अब किसानों से 20 क्विंटल धान की खरीदी करेगी। विगत वर्ष 1 लाख 75 हजार करोड़ रुपए किसानों को उसके उपज के लिए दिया गया। सरकार की किसान हितैषी योजनाओं से किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। कार्यक्रम में ताम्रध्वज साहू ने कहा कि कृषि प्रधान राज्य में किसानों की प्रगति के लिए नए-नए संसाधनों को अपनाया जा रहा है। नए मंडी भवन के बन जाने से अब राज्य के सभी मंडी सदस्यों को काम-काज में आसानी होगी। उन्होंने मंडी समिति के सदस्य द्वारा की गई विभिन्न मांगों को यथाशीघ्र पूरा करने की बात भी कही।

समारोह में मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा, राज्य के सभी मंडी बोर्ड के अध्यक्ष और समिति के सदस्य, कृषि उत्पादन आयुक्त एवं सचिव कमलप्रीत सिंह, प्रबंध संचालक मंडी बोर्ड यशवंत कुमार, आईजी रतन लाल डांगी, प्रबंध संचालक गोधन न्याय मिशन डॉ. अय्याज फकीर भाई तंबोली, संचालक कृषि एवं पशुधन चंदन त्रिपाठी, उप सचिव तूलिका प्रजापति सहित बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### गला दबाकर की युवक की हत्या, दो गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** ग्राम अछोली ग्रेवेटी कंपनी के पीछे दलदल जमीन में गला दबाकर मजदूर की हत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। मामले में उरला पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार उधम सिंह 46 वर्ष ने उरला थाना पुलिस को सूचना दिया कि ग्राम अछोली के ग्रेवेटी कंपनी के पीछे दलदल जमीन में एक युक की लाश पड़ी हुई है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने मृतक की शिनाख्ती अवधराज सिंह 30 वर्ष निवासी ग्राम अछोली के रूप में की। जो कंपनी में मजदूरी करता है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। जिससे पीएम रिपोर्ट आने पर खुलासा हुआ कि अवधराज सिंह का गला दबाकर हत्या की गई है। जिससे पुलिस ने मामले को जांच में लेकर आरोपी बली ङ्क्षसह गोड़ 45 वर्ष और रामलाल सिंह 28 वर्ष को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

### जमीन विवाद को लेकर युवक को पीटा

**रायपुर (आरएनएस)।** सुंदरनगर में जमीन विवाद को लेकर एक युवक ने दूसरे युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अभ्यानंद नामदेव 42 वर्ष शोभ सिलिकोन ओवेसी अपार्टमेंट सिटी फेस 1 बेंगलोर का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी सुंदरनगर आया था, तभी आरोपी अभिषेक नामदेव ने जमीन पर कब्जा कर लेने की विवाद पर गाली-गलौज कर प्रार्थी से मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### अलग-अलग थाना क्षेत्र से दोपहिया वाहन पार

**रायपुर (आरएनएस)।** अलग-अलग थाना क्षेत्रों में अज्ञात चोर ने दो नग दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी महेन्द्र कुमार किंगरानी 47 वर्ष ने उरला थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एलएल 8539 को बुधवारी बाजार स्थित देवांगन टीवी सेंटर के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 20 हजार रुपए बताई जा रहा है। वहीं दूसरे मामले में आमानाका थाना में प्रार्थी उमेश कुमार 26 वर्ष ने शिकायत किया कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 एमएस 6544 को पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 20 हजार रुपए पार कर दिया। मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### महिला की हत्या के मामले में प्रेमी गिरफ्तार

**दुर्ग (आरएनएस)।** मंगलवार सुबह करगाडीह महुआरी भाठा के पास मिली महिला की लाश के मामले को पुलिस ने सुलझा लिया है। मामले में पुलिस ने मृतका के प्रेमी को गिरफ्तार किया है। मृतका से छुटकारा पाने के लिए आरोपी प्रेमी ने प्रमिका की रेजर ब्लेड से गला काटकर हत्या कर दी थी। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह पुलिस को सूचना मिली कि एक अज्ञात महिला का शव करगाडीह महुआरी भाठा के पास पडा हुआ है कि सूचना पर उतई पुलिस द्वारा रवाना होकर तत्काल घटना स्थल पहुंचने पर उक्त शव की तस्दीक कराने पर शव की पहचान जमुना बाई गोस्वामी निवासी बाबा पारा आदर्ष नगर उतई के होने से मृतिका की मां की रिपोर्ट पर मर्ग इंटिमेषन एवं अपराध दर्ज कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया।

## एनआईटी रायपुर में क्वाड-1 सेशन का आयोजन, बताई गई कैट परीक्षा से जुड़ी बारीकियां



**रायपुर (आरएनएस)।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर के सहयोग क्लब द्वारा क्वाड-1 सेशन का आयोजन 11 सितंबर, 2023 को किया गया। सत्र का सफल आयोजन सहयोग क्लब के संकाय प्रभारी डॉ. रवि के जड़े के मार्गदर्शन में हुआ।

एबी क्लासेज के संस्थापक तथा एनआईटी रायपुर के एलुमनी अभिषेक गुप्ता और आईआईएम कलकत्ता तथा एनआईटी रायपुर की पूर्व छात्रा श्रेया चंद्राकर इस सत्र के मुख्य वक्ता थे। इस दौरान छात्रों ने कैट परीक्षा की तैयारी और करियर की संभावनाओं के संबंध में विभिन्न संदेह और प्रश्न वकताओं से किए , जिसके प्रभावी जवाब और सुझाव अभिषेक गुप्ता सर और श्रेया चंद्राकर मैडम द्वारा दिए गए। शीर्ष बी-स्कूलों जैसे आईआईएम बैंगलोर, लखनऊ और इंदौर में प्रवेश के लिए 10वीं और 12वीं कक्षा तथा उनके अंकों के महत्व को उन्होंने बताया। एमबीए के बाद उपलब्ध अनेक करियर विकलपों जैसे एचआर, फाइनेंस अथवा प्रबंधन के विषय में विस्तृत जानकारी इस दौरान दी गई 7 उन्होंने बताया कि एमबीए करने के लिए कोई आयु सीमा नहीं है परंतु शीर्ष 10 कॉलेजों का लक्ष्य रखते हुए उन्होंने जल्दी शुरुआत करने के महत्व पर जोर दिया तथा बताया कि आईआईएम अहमदाबाद और आईआईएम कलकत्ता जैसे शीर्ष कॉलेजों में 60त्न से अधिक छात्र इंजीनियरिंग स्नातक हैं। इस दौरान एक मजबूत प्रोफ़ाइल हेतु नेतृत्व की भूमिकाएँ निभाने, क्लबों या गैर सरकारी संगठनों में भाग लेने, प्रमाणपत्र प्राप्त करने और एक व्यापक सीवी की संरचना के महत्व को बताया गया। अभिषेक गुप्ता सर ने कैट परीक्षा के तीनों खंडों मौखिक क्षमता और पढऩे की समझ, डेटा इंटरप्रिटेशन और तार्किक तर्क और मात्रात्मक योग्यता की तैयारी के लिए टिप्स भी साझा किए।

सत्र के अंत में एक योग्यता परीक्षा आयोजित की गई। जिसमें शीर्ष 10 स्थान पर रहने वाले छात्रों को एबी क्लासेज द्वारा छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। क्वाड-1 विभिन्न प्रतिस्पर्धी और प्रवेश परीक्षाओं के माध्यम से छात्रों का मार्गदर्शन करने के उद्देश्य से सत्रों की श्रृंखला में से यह पहला सत्र था। आगामी कार्यकर्मों में गेट (ग्रेजुएट ऐंड एप्टीट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग) और जीएमएटी (ग्रेजुएट मैनेजमेंट एडमिशन टेस्ट) पर सत्र आयोजित किए जाएंगे।

## आईएएस अवनीश शरण को कौशल विकास प्राधिकरण का नया प्रभार



**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग से जारी नवीन पदस्थापना सूची में दो आईएएस अफसरों को नया प्रभार दिया गया है।

जारी आदेशानुसार अवनीश कुमार शरण संचालक तकनीकी, शिक्षा, रोजगार एवं प्रशिक्षण को उनके वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ मुख्य कार्यपालन अधिकारी छग राज्य कौशल विकास प्राधिकरण का अतिरिक्ति प्रभार सौंपा गया है। इसी तरह सुश्री दिव्या उेश मिश्रा संचालक महिला एवं बाल विकास तथा अतिरिक्त प्रभार संयुक्त सचिव उद्योग विभाग, मुख्य कार्यपालन अधिकारी छग राज्य कौशल विकास प्राधिकरण, संचालक भौमिकी तथा खनिज कर्म को केवल मुख्य कार्यपालन अधिकारी छग राज्य कौशल विकास प्राधिकरण के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त किया गया है।

## कार से शराब तस्करी कर रहा युवक चढ़ा पुलिस के हत्थे, ढाई लाख का गोवा ब्राण्ड शराब जब्त



**बलौदाबाजार-रायपुर (आरएनएस)।** नशे के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के दौरान फिर से सफलता मिली है। इस बार पुलिस ने कार में शराब तस्करी कर रहे एक युवक को गिरफ्तार करते हुए करीब 30 पेटी मध्यप्रदेश निर्मित गोवा शराब बरामद किया है। जब्त शराब की कीमत दो लाख चालीस हजार के करीब है।

सूत्रों नेबताया कि मुखबिर से सूचना मिलने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा के निर्देश पर सायबर सेल ने घेराबंदी कर मध्यप्रदेश निर्मित 30 पेटी गोवा शराब से भरी एक काले रंग की कार को पकड़ा गया है। जब्त शराब की कीमत दो लाख चालीस हजार रुपए है, पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। पूछताछ में आरोपी पुरषोत्तम ने बताया कि वह रायपुर विधानसभा के पास से शराब लाकर इस क्षेत्र में उतारता था। उसने पलारी क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री करने वाले किसी सूरज नाम और एक अन्य का नाम भी बताया, जिसके पास वह शराब पहुंचाता है। आरोपी ने बताया कि वह दो से तीन बार शराब ला चुका है। बहरहाल पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर प्रकरण जांच में लिया है।

## अस्पताल में महिला की मौत, परिजनों ने किया हंगामा



**बिलासपुर-रायपुर (आरएनएस)।** एक आयुर्वेदिक डॉक्टर के क्लीनिक में उपचार के दौरान एक महिला की मौत के बाद परिजनों ने यहां जमकर हंगामा किया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर प्रकरण जांच में लिया है।

सूत्रों ने बताया कि सिरगिट्टी निवासी मन्नाडोल की कालिन्द्री बाई सूर्यवंशी की तबियत अचानक बिगड़ गई थी। रविवार से ही उसे उल्टी-दस्त होने लगा था। 65 वर्षी कालिन्द्री को लेकर परिजन गंभीर हालत में तिफरा के काली मंदिर के पास स्थित संजीवनी क्लीनिक लेकर पहुंचे। यहां अस्पताल संचालक आयुर्वेदिक चिकित्सक नितिन वी योगी क्लीनिक में नहीं थे। नर्स व कंपाउंडर ने महिला का इलाज किया। फिर डॉक्टर को इसकी जानकारी दी। कुछ देर बाद डॉक्टर नितिन भी क्लीनिक पहुंए गए। आरोप है कि डॉक्टर ने उसे एक इंजेक्शन देने के साथ ही स्लाइन चढ़ाया। दोबारा जांच करने पर पता चला कि कालिंद्री का बीपी कम होने लगा है। देखते ही देखते उसके मुंह से झाग निकलने लगा और उसकी मौत हो गई। इस पर परिजनों से कहा गया कि महिला की हालत गंभीर है। उसे दूसरे अस्पताल ले जाओ, यहां सुविधा नहीं है। आयुर्वेदिक क्लीनिक में महिला की मौत होने से परिजनों ने जमकर हंगामा किया।वहीं पुलिस ने मामला दर्ज कर प्रकरण जांच में लिया है।

## बैंक में पहले से बंधक फ्लैट को बेचने के नाम पर 15 लाख की धोखाधड़ी, अपराध दर्ज




**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी रायपुर में बैंक में बंधक फ्लैट को बेचने के नाम पर 15 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। टिकरापारा थाना पुलिस ने आरोपित के खिलाफ अपराध कायम कर जांच शुरू कर दी है।

दरअसल, बूढ़ापारा निवासी कल्पेश रायचुरा ने थाने में धाखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज करवाई। प्रार्थी ने बताया कि विकास वसंत की टिकरापारा संतोषी नगर चौक में टाइल्स की दुकान थी। गुजराती होने के कारण कुछ समय पूर्व उससे परिचय हुआ था। प्रार्थी को मकान की आवश्यकता थी। इसको लेकर विकास वसंत से भी चर्चा की गई थी। विकास वसंत ने बताया था कि उसके पास ऋषभ रेसिडेंसी न्यू राजेंद्र नगर में फ्लैट है, जिसको वह बेचना चाहता है। विकास वसंत के फ्लैट को देखने के लिए प्रार्थी अपने भाई हितेश रायचुरा के साथ गया। दोनों भाई को फ्लैट पसंद आ गया। ऋषभ रेसिडेंसी में विकास ने अपनी पत्नी रीना पंसारी वसंत से मुलाकात करवाई थी।

उसने बताया कि वह फ्लैट उसकी पत्नी के नाम पर ही है। फ्लैट का सौदा 36 लाख रुपये में तय हुआ। इसके बाद पहले चेक के माध्यम से चार लाख रुपये दे दिए। छह माह में फ्लैट की रजिस्ट्री करवाने की बात कही गई। समय-समय पर विकास वसंत को पैसा देते रहने की बात कही गई। प्रार्थी ने अलग-अलग किश्तों में कुल 15 लाख रुपये दे दिए। इसके बाद यह तय हुआ कि बचे हुए 21 लाख रुपये रजिस्ट्री के पहले बैंक से फाइनेंस कराकर दे देंगे। जब बैंक से फाइनेंस कराने के लिए फ्लैट के पेपर की जरूरत पड़ी तो विकास और उसकी पत्नी से फ्लैट के पेपर की मांग की गई। दोनों बार-बार घूमाते रहे। प्रार्थी ने जब फ्लैट के बारे में पता किया तो, फ्लैट पहले से बैंक में बंधक होने की बात सामने आई। इसके बाद आरोपित ने 15 लाख का चेक प्रार्थी को दिया, लेकिन वह चेक बाउंस हो गया। कई बार पैसे मांगने के बाद भी उसने पैसे वापस नहीं दिए।

## रेलवे स्टेशन में फर्जी आई कार्ड के सहारे यात्रियों को लूट रहे अवैध वेंडर

- -लगातार शिकायत के बाद भी रेलवे अफसर नहीं कर रहे कार्रवाई
- -रेलमंत्री सहित जिम्मेदारों से फिर की गई शिकायत



**रायपुर (आरएनएस)।** रेलवे खान पान सेवा ठेकादारी कर्मचारी कल्याण संघ के द्वारा रेलवे स्टेशन रायपुर में चल रहे अवैध वेंडिंग के संबंध में व फर्जी परिचय पत्र के विषय सहित रेलवे स्टेशन रायपुर में रेल यात्रियों के सुविधाओं को लेकर शिकायत पत्र रेल मंत्री सहित रेलवे के आला अधिकारियों को देकर शीघ्र कार्यवाही की मांग की गई है।

संघ के अध्यक्ष ऋषि उईके ने बताया कि इस संबंध में पूर्व में भी शिकायत की जा चुकी है। बावजूद इसके आज तक इन अवैध वेंडरों के खिलाफ कोई ठोस कार्यवाही नहीं किया गया है। इसके चलते इनके हौसले दिनों-दिन बुलंद होते जा रहे हैं। उईके ने आगे बताया कि इस संबंध में आज एक और शिकायती पत्र वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक दपूमरे रायपुर को प्रेषित किया गया है। इसके अलावा रेल मंत्री, रेल मंत्रालय और अन्य संबंधित अधिकारियों व विभागों को भेजा गया है। रेलवे स्टेशन में यात्रियों के स्वास्थ्य के साथ खुलेआम खिलवाड़ किया जा रहा है और जिम्मेदार मौन साधे बैठे हैं। स्टेशन में ठेकेदार के व्यक्तियों के अलावा अनाधिकृत रूप से वेंडर खान-पान सामग्रियां विक्रय कर रहे हैं। यात्रियों की जेबों पर डाका डालते हुए 50 एमएल से कम मात्रा में गुणवत्ताहीन चाय सीधे 10 रूपए में बेची जा रही है। रेलवे स्टेशन से जनता खाना पहले से ही गायब कर दिया गया है। इसके अलावा अवैध वेंडरों द्वारा खुलेआम दादागिरी करते हुए सामग्रियां बेची जा रही है। डीआरएम कार्यालय के साथ ही रेलवे के सभी आला अधिकारियों को इसकी जानकारी है, उन्हें शिकायत का इंतजार था तो संघ की ओर से अब तक कई बार शिकायत भी की जा चुकी है। इस आशय की जानकारी विभिन्न समाचार पत्रों में भी प्रकाशित हो चुकी है। बावजूद इसके अवैध वेंडरों पर कोई कार्रवाई न होना, कई सवालों को जन्म दे रहा है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री दयागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुछ सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उनके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU